नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से

# सेमीकॉन ने जगाईं मप्र में निवेश की उम्मीदें

## मुख्यमंत्री ने निवेशकों को बतलाईं प्रदेश की क्षमताएं




**प्रशासनिक संवाददाता**
**भोपाल, 18 सितंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नई दिल्ली के यशोभूमि स्थित सेमीकॉन इंडिया 2026 में मप्र पवेलियन का भ्रमण कर सेमीकंडक्टर एवं इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र की प्रमुख राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की. उन्होंने मध्यप्रदेश में निवेश, तकनीकी सहयोग और सेमीकंडक्टर क्षेत्र के विस्तार की संभावनाओं पर उद्योग प्रतिनिधियों से चर्चा की.**

इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र में निवेश के लिए अनुकूल माहौल तैयार किया गया है. सेमीकंडक्टर, चिप डिजाइनिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे उभरते क्षेत्रों में निवेश की व्यापक संभावनाएं हैं. प्रदेश सरकार उद्योगों को आवश्यक सहयोग और सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है.

मुख्यमंत्री ने पारस सेमीकंडक्टर्स, थॉमसन सेमीकंडक्टर्स, स्प्रिन्टोनिक्स एआई, एनएक्सपी इंडिया, मार्वल सेमीकंडक्टर्स, एल एंड टी सेमीकंडक्टर्स और स्वदेश आईसी सेमीकंडक्टर्स सहित विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों से संवाद किया. मुख्यमंत्री ने इंटरनेशनल सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री ग्रुप आईएसआईजी के प्रतिनिधिमंडल से भी मुलाकात की. प्रतिनिधिमंडल में जापान की एक्रेटेक, केनन और कैइजो, कोरिया की हनवा और जेनसेम इंक तथा अमेरिका की मेकडरमिड अल्फा के प्रतिनिधि शामिल थे. जापानी प्रतिनिधिमंडल में आक्साईड कार्पोरेशन, स्केल फोटोनिक्स और इम्प्यूट इंक के प्रतिनिधियों से भी चर्चा हुई. इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सेमीकॉन इंडिया-2026 वैश्विक सेमीकंडक्टर उद्योग के साथ संवाद और सहयोग का महत्वपूर्ण मंच है. मुख्यमंत्री ने किष्किंधा इंटरनेशनल, डिजिकॉम, सिग्निटयूट, स्टेम्बो टेक्नोलॉजी, टू-चिप सोल्युशन, बनाश्री सेमीकंडक्टर्स, वीएलएसआई एक्सपर्ट और न्यूजिमो सेमीकंडक्टर्स सहित चिप डिजाइनिंग एवं सेमीकंडक्टर क्षेत्र से जुड़ी कंपनियों के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की.

### इंदौर में 23-24 अक्टूबर को होगा निवेशक सम्मेलन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बाद में मीडिया से चर्चा में कहा कि सेमीकंडक्टर सेक्टर के क्षेत्र में मध्यप्रदेश में निवेश की व्यापक संभावनाएं हैं. राज्य सरकार लगातार देश और विदेश के निवेशकों को आकर्षित करने के लिए गंभीरतापूर्वक प्रयास कर रही है. आगामी 23 और 24 अक्टूबर को इंदौर में एक बड़ा निवेशक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री से जुड़े निवेशकों को मध्यप्रदेश में निवेश के अवसरों और राज्य की नीतियों से अवगत कराया जाएगा. प्रदेश में सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री के लिए सभी प्रकार से अनुकूल वातावरण तैयार किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री के विस्तार से मध्यप्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार और कौशल विकास के नए अवसर उपलब्ध होंगे.

## पत्रकारिता विवि की एसोसियेट प्रोफेसर की नियुक्ति को चुनौती

**जबलपुर.** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय भोपाल की वर्तमान रजिस्ट्रार एवं प्रोफेसर डॉ. पी. शशिकला की वर्ष 2014 में न्यू मीडिया टेक्नोलाजी विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर पद पर हुई नियुक्ति को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है. कोर्ट ने अपील पर नोटिस जारी किए हैं. डॉ. आशुतोष मिश्रा की ओर से उक्त मामला दायर किया गया है. जिसमें कहा गया कि मार्च 2012 में जारी विज्ञापन में एसोसिएट प्रोफेसर पद के लिए पीएचडी, आठ वर्ष का शिक्षण अनुभव, निर्धारित एपीआई स्कोर व कंप्यूटर एप्लीकेशन अथवा मास कम्युनिकेशन में मास्टर डिग्री जैसी योग्यताएं निर्धारित थीं.

# शर्मनाक! मूक-बधिरों का हक खा रहे जिम्मेदार

## राजधानी के स्कूल में जज का औचक निरीक्षण, फटे चादर और घटिया खाना देख भड़के

**विशेष प्रतिनिधि**
**भोपाल, 18 सितंबर. परी बाजार ईदगाह हिल्स स्थित शासकीय मूक-बधिर एवं दृष्टि-श्रवण बाधित विद्यालय में शुक्रवार को औचक निरीक्षण के दौरान अव्यवस्थाएं सामने आई हैं. विद्यालय में बच्चों को घटिया भोजन परोसे जाने के साथ उनके रजाई, गद्दे और चादरें भी फटे-पुराने पाए गए.**



बच्चों ने निरीक्षण के दौरान न्यायिक मजिस्ट्रेट के सामने उनके साथ मारपीट किए जाने की शिकायत भी की. दरअसल, न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सुनीत अग्रवाल ने शुक्रवार को विद्यालय का औचक निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने विद्यालय में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों से आत्मीय संवाद कर पढ़ाई, भोजन, शिक्षकों, रहने की व्यवस्था और विद्यालय के वातावरण के संबंध में जानकारी ली.

बच्चों ने भोजन की गुणवत्ता और अन्य सुविधाओं को लेकर अपनी समस्याएं बताईं. मारपीट की शिकायत सामने आने पर शाहजहांनाबाद पुलिस को मामले की जांच के निर्देश दिए गए हैं. निरीक्षण के दौरान विद्यालय में बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की स्थिति भी देखी गई. भोजन की गुणवत्ता और बच्चों की मूलभूत जरूरतों के संबंध में सामाजिक न्याय विभाग से प्रतिवेदन तलब किया गया है. अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि जांच के बाद लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाए. बच्चों की विशेष जरूरतों को देखते हुए विद्यालय में स्पेशल एजुकेटर की नियुक्ति के निर्देश भी दिए गए.

### स्पेशल एजुकेटर नियुक्त करने के निर्देश

जज ने विद्यालय प्रबंधन को बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने और परिसर में साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. स्टाफ को बच्चों की देखभाल में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतने की हिदायत दी गई. साथ ही बच्चों की विशेष जरूरतों को देखते हुए विद्यालय में स्पेशल एजुकेटर नियुक्त करने के निर्देश भी दिए गए हैं. निरीक्षण के बाद जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने विद्यालय की व्यवस्थाओं और बच्चों की समस्याओं पर नियमित निगरानी रखने की बात कही है.

## नवीन ने की भस्म आरती



भाजपा अध्यक्ष नवीन नितिन ने शुक्रवार को बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन स्थित श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचकर भगवान महाकाल की पावन भस्म आरती में सम्मिलित होकर आशीर्वाद प्राप्त किया. उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर बाबा महाकाल से समस्त देशवासियों के सुख, शांति, समृद्धि एवं कल्याण की मंगलकामना की.

## पूर्व जस्टिस सिंह देंगे पीएम राहत कोष में 1.01 करोड़

**जबलपुर.** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के पूर्व जस्टिस अवनीन्द्र कुमार सिंह ने रिटायरमेंट के अवसर पर समाजसेवा का संकल्प लेते हुए प्रधानमंत्री राहत कोष में 1 करोड़ 1 लाख रुपए देने की घोषणा की है. यह राशि वे अपने जनरल प्रॉविडेंट फंड (जीपीएफ) से देंगे. इसके साथ ही उन्होंने पत्नी इंदिरा सिंह के साथ देहदान करने का भी संकल्प व्यक्त किया. हाईकोर्ट में आयोजित फुल कोर्ट फेयरवेल कार्यक्रम में जस्टिस सिंह ने कहा कि उनकी पत्नी की इच्छा थी कि रिटायरमेंट के बाद समाज के लिए कुछ किया जाए.

# फरार सीएसपी नेहा पच्चीसिया का निकला गिरफ्तारी वारंट



25 सितंबर तक गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के आदेश

**विशेष प्रतिनिधि**
**भोपाल, 18 सितंबर. कुठला थाना क्षेत्र के बहुचर्चित मामले में निलंबित सीएसपी नेहा पच्चीसिया सहित तीन आरोपितों की मुश्किलें बढ़ गई हैं. जिला न्यायालय ने नेहा पच्चीसिया, क्षितिज राज और मारूफ अहमद के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं.**

न्यायालय ने पुलिस को तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर 25 सितंबर तक अदालत में पेश करने के निर्देश दिए हैं. मामले की जांच कर रही एसआईटी ने तीनों आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी मनीषा जैन तिवारी की अदालत में मियादी वारंट जारी करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था. शुक्रवार को अदालत ने आवेदन स्वीकार करते हुए तीनों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिए. आरोपियों के खिलाफ हत्या के आरोपितों को बचाने के लिए करोड़ों रुपए की जमीन महज 18 लाख रुपए में अपने नाम कराने जैसे आरोप हैं.

## एक नजर में

### ट्रेनों में गंदगी करने पर 1,000 रुपये का जुर्माना

**उज्जैन.** रेलवे ने स्वच्छता संबंधी प्रावधानों के उल्लंघन पर पूर्व निर्धारित अधिकतम 500 रुपये के जुर्माने को बढ़ाकर 1,000 रुपये कर दिया है. रेलवे परिसरों एवं ट्रेनों में गंदगी फैलाने पर अब 1,000 रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा.

### लाड़ली बहना योजना पर हाईकोर्ट में याचिका

**ग्वालियर.** लाड़ली बहना योजना को बंद करने की मांग को लेकर मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ में जनहित याचिका दायर की गई है. याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने राज्य शासन के महिला एवं बाल विकास विभाग को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब मांगा है.

### ज्वेलरी दुकान में हथियार बंद लुटेरों ने की लूटपाट

**सिंगरौली.** पुलिस चौकी के समीपी मस्जिद मार्केट के बजरंग कॉम्प्लेक्स में चार हथियारबंद लुटेरों ने कंचनी ज्वेलरी में धावा बोलकर लूटपाट करते हुये दुकान मालिक को बंदूक के बट से सिर पर प्रहार कर दिये. वहीं लुटेरों को दबोचने के लिए दौड़े दुकान के एक कर्मचारी को गोली मार दी.

# फर्जी जाति प्रमाण पत्र पर बना दिया आईपीएस रिटायरमेंट के बाद जागा विभाग, एफआईआर

**विशेष प्रतिनिधि**
**भोपाल, 18 सितंबर. पूर्व आईपीएस अधिकारी रघुवीर सिंह मीणा के खिलाफ फर्जी जाति प्रमाण पत्र के मामले में पुलिस मुख्यालय की सतर्कता शाखा ने एफआईआर दर्ज की है.**

मीणा पर आरोप है कि उन्होंने अनुसूचित जनजाति वर्ग का प्रमाण पत्र लगाकर मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा के माध्यम से पुलिस उप अधीक्षक का पद हासिल किया और बाद में पदोन्नति के जरिए आईपीएस बने. उनके जाति प्रमाण



पत्र को उच्च स्तरीय छानबीन समिति पहले ही अमान्य घोषित कर चुकी है. इस फैसले के खिलाफ दायर उनकी याचिका को हाई कोर्ट भी खारिज कर चुका है. मामले की शुरुआत गुना जिले के राघौगढ़ निवासी हरवीर सिंह रघुवंशी की शिकायत से हुई थी. शिकायत में आरोप लगाया गया था कि मीणा ने एसटी वर्ग का प्रमाण पत्र लगाकर सरकारी नौकरी हासिल की.

### विस में उठा था मुद्दा

विधानसभा में भी वर्ष 2024 में रघुवीर सिंह मीणा के जाति प्रमाण पत्र और सरकारी सेवा में भर्ती से संबंधित सवाल उठाए गए थे. जांच में सामने आया कि मीणा को वर्ष 1983 में विदिशा जिले की लटेरी तहसील से प्रमाण पत्र जारी किया गया था. बाद में इसी प्रमाण पत्र के आधार पर एसटी वर्ग का जाति प्रमाण पत्र जारी हुआ. उच्च स्तरीय जाति छानबीन समिति ने जांच के बाद वर्ष 2016 में प्रमाण पत्र को अवैध माना था।

# बदहाल शिक्षा व्यवस्था के खिलाफ छात्रों की गूंज

- प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने लगाए सरकार पर आरोप

**नव भारत न्यूज**
**इंदौर, 18 सितंबर. इंदौर में छात्रों की गूंज नहीं, बल्कि देश में बदहाल शिक्षा व्यवस्था के खिलाफ आंदोलन होगा. यह गैर राजनीतिक कार्यक्रम है और छात्रों की समस्या एवं समाधान को लेकर राहुल गांधी के नेतृत्व में छात्र हित में आंदोलन किया जा रहा, जो सतत चलता रहेगा.**

उक्त बात कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने आज पत्रकारों से चर्चा में कही. 19



सितंबर को छात्रों की गूंज कार्यक्रम में राहुल गांधी इंदौर आ रहे हैं. कार्यक्रम को लेकर प्रभारी हरीश चौधरी पत्रकारों से कहा कि देश में लोकतंत्र बचाने के लिए राहुल गांधी ने संविधान बचाओ यात्रा निकाली थी. आज देश में शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह से खत्म हो गई है. शिक्षा सशक्तिकरण की जगह स्कूल बंद कर रहे हैं. 12 वर्षों में सरकार ने शिक्षा के लिए एक अतिरिक्त कमरा नहीं बनाया है.

### राहुल आज इंदौर में युवाओं से करेंगे संवाद



कांग्रेस नेता राहुल गांधी शनिवार को इंदौर में आयोजित 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में शामिल होंगे और विद्यार्थियों व युवाओं से संवाद करेंगे. कार्यक्रम स्थल पर मंच के सामने करीब 25 हजार छात्र-छात्राओं के लिए व्यवस्था की गई है. वहीं, कार्यक्रम स्थल के बाहर 10 स्थानों पर एलईडी स्क्रीन लगाई जाएंगी, जिनके माध्यम से कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा. शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि राहुल गांधी दोपहर 2 बजे इंदौर पहुंचेंगे. इसके बाद शाम 5.30 बजे रेडिसन होटल से एबी रोड होते हुए रीजनल पार्क स्थित कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे. कांग्रेस नेताओं ने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर अग्नि सुरक्षा, पेयजल और शौचालय सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं. छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग ब्लॉक बनाए गए हैं. राहुल गांधी यहां सीधे विद्यार्थियों से चर्चा करेंगे. उन्होंने बताया कि कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं से अलग-अलग स्थानों पर मुलाकात होगी, लेकिन कार्यक्रम स्थल पर केवल राहुल गांधी और विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा.

# करोड़पति निकला रादुविवि का क्लर्क, दोगुना निकली संपत्ति



सेवाकाल की कमाई 91 लाख, खर्च कर डाले 1.68 करोड़

**नवभारत न्यूज**
**जबलपुर, 18 सितंबर. लोकायुक्त ने रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में पदस्थ रहे उच्च वर्ग लिपिक बंश बहोर पटेल के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया है. जांच में क्लर्क करोड़पति निकला.**

क्लर्क की सेवाकाल की कमाई 91 लाख है और उसने 1.68 करोड़ खर्च कर डाले. लोकायुक्त से मिली जानकारी के अनुसार रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में उच्च वर्ग लिपिक 62 वर्षीय बंश बहोर पटेल पिता कालूराम पटेल के खिलाफ 2024 में आय से अधिक संपत्ति की शिकायतें मिली थी. जिसकी जांच पड़ताल शुरू हुई. लंबी जांच जांच पड़ताल में लिपिक की वैध स्रोतों से कुल 91,88,611 रुपये की आय पाई गई.

# जहरीली शराब : बुलडोजर एक्शन पर रोक

- प्रभावितों की याचिका पर हाईकोर्ट ने दिया ओदश
- परिजनों को अनावश्यक परेशान नहीं करने के निर्देश

**नवभारत न्यूज**
**जबलपुर, 18 सितंबर. सागर जिले में जहरीली शराब कांड में हुई 36 मौतों के मामले में आरोपियों के खिलाफ जारी प्रशासनिक कार्रवाई को चुनौती देने वाली याचिका पर हाईकोर्ट ने राहत दी है.**

जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने आरोपी सिद्धार्थ सिंह कुशवाह और उनकी मां राजकुमारी कुशवाहा की याचिका



पर सुनवाई करते हुए उनकी संपत्ति पर बुलडोजर कार्रवाई रोकने और पुलिस को परिजनों को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं करने के निर्देश दिए हैं.

याचिकाकर्ताओं की ओर से दायर याचिका में बताया गया कि सागर में जहरीली शराब कांड में 36 लोगों की मौत हुई थी. पुलिस द्वारा दर्ज 36 एफआईआर में से एक मामले में सिद्धार्थ कुशवाह को आरोपी बनाया गया है. आरोप है कि उनकी दुकान से खरीदी गई शराब पीने से एक व्यक्ति की मौत हुई. याचिका में कहा गया कि घटना के बाद शराब दुकान का लाइसेंस रद्द कर दिया गया और पत्थर क्रशर की लीज भी निरस्त कर दी गई. इसके अलावा प्रशासन ने बुलडोजर कार्रवाई करते हुए उनके मकान की बाउंड्रीवॉल और संपत्ति के कुछ हिस्से को क्षतिग्रस्त कर दिया. याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अंशुमान सिंह ने कोर्ट को बताया कि प्रशासन की कार्रवाई सुप्रीम कोर्ट के डिमोलिशन संबंधी दिशा-निर्देशों के अनुरूप नहीं की गई है.



# जंगली हाथियों का उत्पात धान-मक्का की फसलें रौंदी

- खेतों की बाड़ी और बाउंड्री को भी पहुंचाया नुकसान
- सीधी जिले के मधुगांव में वन विभाग निगरानी में जुटा

**सीधी, 18 सितंबर. जिले के कमर्जी क्षेत्र के मधुगांव गांव में शुक्रवार दोपहर जंगली हाथियों के पहुंचने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई. करीब 2 बजे पहुंचे दो हाथियों ने खेतों में खड़ी धान और मक्का की फसलों को नुकसान पहुंचाया.**

ग्रामीणों के अनुसार हाथियों ने खेतों में घुसकर धान की फसल को पैरों तले कुचल दिया. जिस समय फसल में बालियां आने लगी थीं और किसान अच्छी पैदावार की उम्मीद लगाए थे, उसी दौरान हाथियों के झुंड ने कई खेतों की फसल बर्बाद कर दी. इसके अलावा खेतों की बाड़ी और एक जर्जर बाउंड्री को भी नुकसान पहुंचा है. ग्रामीण सूर्यभान साकेत ने बताया कि उनके खेत सहित रामबहादुर प्रजापति और अन्य किसानों की धान की फसल हाथियों के कारण खराब हुई है. उन्होंने बताया कि हाथियों के गुजरने वाले रास्ते में आने वाले खेतों को सबसे ज्यादा नुकसान होता है. सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम क्षेत्र में निगरानी कर रही है.

### इनका कहना है

विभाग की टीम लगातार हाथियों पर नजर रख रही है. ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की जा रही है. हाथियों को आबादी वाले इलाके से दूर पहाड़ी की ओर भेजने की कोशिश की जा रही है. आज शाम दोनों जंगली हाथी तुर्रा पहाड़ से आगे चल रहे हैं. हाथियों से खेतों में मक्का एवं धान की फसल को आंशिक क्षति हुई है. फिलहाल, वन विभाग की टीम हाथियों की हर गतिविधि पर नजर बनाए हुए है.

**पंकज मिश्रा**, रेस्क्यू प्रभारी वन मंडल सीधी

## अनाज मंडी में मुनाफे का झांसा, 1.43 करोड़ की ठगी

**इंदौर.** अनाज मंडी के कारोबार में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देकर 1 करोड़ 43 लाख रुपए की धोखाधड़ी के मामले में क्राइम ब्रांच ने दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों की पहचान गौरव जैन और आकाश जैन के रूप में हुई है. पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार गौरव पर पहले से आठ और आकाश पर दो आपराधिक मामले दर्ज हैं. एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के अनुसार बिचौली रोड स्थित अरावली परिसर निवासी कवलदीप सिंह रीन ने शिकायत की थी.

**तैयारी** ▶ मध्य क्षेत्र के शीर्ष पदाधिकारियों के साथ अनौपचारिक चर्चा, संघ की नई संगठनात्मक संरचना पर भी मंथन

# संघ प्रमुख भागवत ने लिया प्रदेश का फीडबैक

**मिलिंद मुजुमदार**
**इंदौर, 18 सितंबर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने मालवा प्रांत के दो दिवसीय प्रवास के दौरान मध्य प्रदेश की सामाजिक और राजनीतिक स्थिति का फीडबैक लिया.**

उज्जैन में युवा संगम को संबोधित करने के बाद गुरुवार शाम उन्होंने मालवा प्रांत के प्रांत कार्यालय सुदर्शन सृष्टि में मध्य भारत क्षेत्र के कुछ शीर्ष



पदाधिकारियों के साथ अनौपचारिक चर्चा की. सूत्रों के अनुसार, बैठक में प्रदेश की सामाजिक और राजनीतिक स्थिति के साथ संघ के संगठनात्मक कामकाज से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी विचार-विमर्श हुआ. बैठक में मध्य क्षेत्र के क्षेत्र प्रचारक स्वप्निल कुलकर्णी, मालवा प्रांत के प्रांत प्रचारक राजमोहन सिंह और मध्य भारत के प्रांत प्रचारक विमल गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे.

**300 वरिष्ठ पदाधिकारी होंगे शामिल:** संघ की महत्वपूर्ण दिवाली बैठक में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत सहित करीब 300 वरिष्ठ पदाधिकारी हिस्सा लेंगे. बैठक में विजयादशमी 2025 से विजयादशमी 2026 तक मनाए गए संघ के शताब्दी वर्ष समारोह के विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा भी की जाएगी.

### प्रांत व्यवस्था खत्म कर संभाग बनाए जाएंगे

संघ अगले वर्ष अपनी संगठनात्मक संरचना में महत्वपूर्ण बदलाव करने जा रहा है. इसके तहत प्रांत की मौजूदा व्यवस्था समाप्त कर उसके स्थान पर संभाग की रचना की जाएगी. मालवा प्रांत को इंदौर और उज्जैन संभाग में विभाजित किया जाएगा. दोनों संभागों के अलग-अलग नाम होंगे. इसी तरह मध्य क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले महाकौशल और मध्य भारत प्रांतों को भी समाप्त कर उनकी जगह पांच नए संभाग बनाए जाएंगे. नई व्यवस्था में जिलों की रचना भी शासकीय जिलों के अनुरूप किए जाने की बात सामने आई है. प्रांत प्रचारक का पद समाप्त कर उनके स्थान पर संभाग प्रचारक बनाए जाएंगे. संघ की इस संगठनात्मक पुनर्संरचना को अंतिम रूप इसी वर्ष नवंबर में इंदौर में होने वाली दिवाली बैठक के दौरान दिए जाने की संभावना है.

CMYK